# पेड़ से टकराया वाहन, तीन महिलाओं की मौत, चार की हालत गंभीर

## अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे



**शहडोल, देशबन्धु।** अयोध्या दर्शन कर अपने घर लौट रहे लोगों का वाहन सीधे पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों में चार महिलाओं की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा में सोमवार सुबह लगभग 5 बजे घटित हुई। यह सभी लोग छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के निवासी हैं।

घटना के संबंध में ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि ब्यौहारी थाना के जोरा गांव के पास एक तूफान वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 8657 सड़क किनारे लगे लिप्टिस के पेड़ से टकरा गया।

सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे हुई इस घटना में महिला गायत्री कवर उम्र लगभग 55 वर्ष, मालती पटेल उम्र लगभग 40 वर्ष और इंदिरा बाई कंवर उम्र लगभग 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि चार महिलाओं की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि वाहन में सिर्फ महिलाएं और बच्चे ही थे, जबकि चालक ही अकेला पुरुष वाहन में था।

ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने बताया कि तीनों मृतक परसोढी थाना पपरेढी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। थाना प्रभारी श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रारंभिक रूप में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वाहन चालक को झपकी लग जाने के कारण यह हादसा हुआ है।

# इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव : काशीकार

## मेधावी छात्रों और समाजसेवियों का किया सम्मान




**शहडोल, देशबन्धु।** काबिल बनो, सफलता कदम चूमेगी, लेकिन इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी। इच्छा शक्ति हो तो सब कुछ संभव है, परिस्थितियां चाहे जो भी हों। कुछ ऐसा काम करिए की स्वयं से शहडोल की पहचान बने। सीनियर सिटीज़न एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में रविवार को विचार ओरियंट पेपर मिल्स अमलाई के सीईओ सीएस काशीकार ने मुख्य अतिथि की हैसियत से कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसोसिएशन के अध्यक्ष एमएल मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ संस्कार भी होना चाहिए। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष छोटेलाल सरावगी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए मुझे गौरव महसूस हो रहा। खासकर सिमरन साहू जैसी प्रतिभाओं से हमारा मान बढ़ा है, मैं सभी को बधाई देता हूं। एसोसिएसन के सह। सचिव अरुण अग्रवाल ने अतिथियों और प्रतिभाओं का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया जबकि आभार कमल मूदड़ा ने व्यक्त किया।

### इनका किया सम्मान

यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सिमरन साहू सहित 14 मेधावी छात्रों और विचारपुर के फुटवाल खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

सम्मानित होने वालों में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में शामिल हीना बंजारा, सौम्या तिवारी, जिले की मैरिट में स्थान पाने वाले कलश गुप्ता, आशीष, मेधावी छात्र योगेंद्र कुशवाहा, तिशा जासूजा, प्रियंक शलवार, दीवांश कौर, प्रीति गोयल, मो.उमश अंसार, वंशिका अहूजा, गुडिया सिंह, प्रीति बैगा और अब्दुल रसीद खान शामिल हैं। वहीं समाजसेवियों में डा.एससी त्रिपाठी व कॉन्ट्रेटर महेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा.एके श्रीवास्तव, एमआर गोयल, डा.जीडी सिंह, राधेश्याम शुक्ला, गौरीशंकर गुप्ता, अमरनाथ सिंधानिया, योगेश अग्रवाल, डा.पवन मूदड़ा, डा.उमेश नामदेव, डा.जीएस परिहार, एके मोहंती और दीपक ढोड़ी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रपटा बहा, रास्ता दुगना, कब मिलेगी ग्रामीणों को राहत



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मुख्यालय से जुड़ने वाली सड़क जो कभी सिर्फ 8 किमी की थी, अब रपटा टूटने के बाद 16 किमी की लंबी और थकाऊ दूरी बन चुकी है। यह हाल ग्राम कच्छरवार का है, जो मुख्यालय से महज 8 किमी दूर है।बरसात के चलते शिव मंदिर के पास बना पुराना रपटा पूरी तरह ढह गया, जो ग्रामीणों का मुख्य मार्ग था। हालात इतने खराब हैं कि कुछ ग्रामीण अब टूटे रपटा के पास सीढ़ी लगाकर जोखिम उठाते हुए रास्ता पार करने की कोशिश कर रहे हैं।स्थानीय निवासी मुकेश सोनी बताते हैं कि अब लोगों को खेरवा-अंचला-धनवाही होकर मुख्यालय जाना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय दोगुना हो गया है, बल्कि ग्रामीणों की रोज़मर्रा की मुश्किलें भी कई गुना बढ़ गई हैं।चिंता की बात यह है कि गौरैया मोहल्ले के पास पुलिया निर्माण कार्य भी बरसात से पहले अधूरा ही रह गया, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं।आखिर कब तक अधूरी योजनाएं और टूटी सड़कों के बीच से रास्ता खोजते रहेंगे ग्रामीण? बरसात आती है, लेकिन तैयारी कब आएगी?

### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की गई



**शहडोल, देशबन्धु।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वही पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति एवं जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री संतोष लोहानी जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आदित्य चपरा, अमित गुप्ता बंटी, अभिषेक चौकसे, नागेंद्र गोले, राकेश कनौजिया, प्रदीप गुप्ता, बृजेंद्र वर्मा, अंकित दुबे, सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष फैजुल्ला खान सुपुर्द ए खाक



**शहडोल, देशबन्धु।** शहर के गणमान्य नागरिक, नगर पालिका शहडोल के पूर्व उपाध्यक्ष सोहागपुर निवासी फैजुल्ला खान का रविवार दोपहर को देहांत हो गया। आप 92 वर्ष के थे। सोमवार दोपहर सोहागपुर पाली रोड स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल रहे। फैजुल्ला खान को अली अहमद बस ट्रांसपोर्ट के सहयोगी के रूप में भी जाना जाता था।



# मामूली विवाद में युवक की चाकू मार कर हत्या

## आक्रोशित लोगों ने शव रख कर किया प्रदर्शन

**शहडोल, देशबन्धु।** मामूली से विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक को चाकू से गोद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बीती रात कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बस्ती की है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घरौला मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय देवराज वंशकार अपने कुछ दोस्तों के साथ ताजिया का प्रोग्राम देखने पुरानी बस्ती गया हुआ था। वही देवराज का कुछ युवकों का विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान चार अज्ञात बदमाशों ने देवराज पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। लेकिन इलाज के दौरान सोमवार की सुबह 8 बजे देवराज की मौत हो गई।

कोतवाली पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी पहचान करने की कोशिश की जा रही हैं। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में भी लिया है। सोमवार की सुबह देवराज के मोहल्ले के लोगों को जैसे ही खबर लगी की देवराज की मौत हो गई है तो परिजनों और स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश फैल गया।

लोगों ने इंदिरा चौक में सड़क पर देवराज का शव रखकर सड़क को जाम कर दिया। इनकी मांग थी कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कठोर सजा दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर लेट कर भी अपना विरोध जताया, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। चक्का जाम के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद रही।

# जादू-टोने के शक में युवक से दरिंदगी, दबंगों ने कमरे में बंद कर लाठी-डंडों से पीटा



**उमरिया, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमड़ी से सोमवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने एक बार फिर समाज में फैले अंधविश्वास की भयावह सच्चाई को उजागर कर दिया है। जादू-टोने के शक में गांव के ही कुछ दबंगों ने एक युवक को पहले कमरे में बंद किया और फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया।

घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है, जब विशाल बैगा पिता धन्नू बैगा को गांव के ही भल्लू, सुरेन्दा, गुड्डा, गिरजा, नन्नी और जामवती ने पकड़ लिया और उसे जबरन एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि सभी हमलावर पीड़ित के ही पड़ोसी हैं।

उन्होंने अंधविश्वास और जादू-टोने के शक में विशाल पर निर्ममता से हमला किया। विशाल को लाठी-डंडों से इतना मारा गया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर में गहरी चोट आई हैं। इस घटना में विशाल की पत्नी रेशमा बैगा भी बीच-बचाव के दौरान हमलावरों की दरिंदगी से नहीं बच सकी। रेशमा ने बताया कि जब वह अपने पति को बचाने पहुंची, तो आरोपियों ने उसे भी पीट-पीटकर घायल कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को दी, जिसके बाद घायल दंपती को जिला अस्पताल लाया गया।

विशाल की हालत बेहद गंभीर है और वह बेहोशी की हालत में भर्ती है। यह घटना जिला मुख्यालय से महज 7-8 किलोमीटर की दूरी पर घटी है। पीड़ितों के मुताबिक उन्हें किसी तरह की पूर्व दुश्मनी नहीं थी, लेकिन आरोपियों ने जादू-टोने के संदेह मात्र पर यह जघन्य कृत्य कर डाला। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों में कड़ी सजा नहीं दी गई, तो अंधविश्वास के नाम पर हिंसा का यह सिलसिला थमता नहीं दिखाई देता।

### जर्जर सड़क पर ग्रामीणों का अनोखा विरोध, पानी भरे गड्ढों में बैठकर किया कीर्तन, मरम्मत की मांग

**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो से सटे ग्राम खर्रोही, उदयपुरा और धनुपुरा को जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति ने ग्रामीणों के लिए आवागमन को दुष्कर बना दिया है। बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है और बारिश में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या को उजागर करने के लिए शनिवार को ग्रामीणों ने पानी भरे गड्ढों में बैठकर कीर्तन किया और इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से मरम्मत की मांग की गई। स्थानीय निवासी प्रवीण जैन ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आवागमन लगभग असंभव हो गया है, खासकर बारिश के मौसम में। ग्रामीणों ने गड्ढों में बैठकर और वीडियो बनाकर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। उनका कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे और बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

# बारिश का कोहराम, उमरिया-कलेक्टर ने हर तहसील में आपदा नियंत्रण प्रभारी किए नियुक्त

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया-जिले में भारी बारिश मौसम विभाग के अनुसार रेड एलर्ट कों देखते हुए कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में किया में जिले के सभी एसडीएम तहसीलदार सहित समस्त राजस्व की टीम कों अपने अपने क्षेत्र में आने वाली जन हित समस्या बारिश से प्रभावित होंगो की मदद के लिए आपदा प्रबंधन टीम ग्रामीणों के सम्पर्क से जुड़े रहे। वहीं पाली एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह ने अपने अनुभव में सहित स्तर पर आपदा प्रबंधन एडवायजरी जारी करते हुए रामदीन बैंगा प्रवाचक तहसीलदार को आपदा कंट्रोल रूम प्रभारी एवं बन्दे बैंगा कों सहायक नियुक्त किया है विदीत होवे की तहसील पाली अंतर्गत घटीत क्षेत्र में बाढ़ घरों में जल भराव सड़क तथा पुल टूटने आवागमन अवरुध्द सहित अन्य समस्याओं से



पिडित इस टोल-फ्री मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर जानकारी दें सम्पर्क सुत्र नम्बर रामदीन बैंगा +918305627796-- बन्दे बैंगा -7566241391 साथ ही पाली अनुविभागीय अधिकारी अंबिकेश प्रताप सिंह अपील करते हुए कहा है कि कहीं भी बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लोगों से जलभराव और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है उन्होंने कहा कि इस समय सावधानी और सजगता हीं जन धन की हानी से बचाव का एक मात्र उपाय है जिले में लगातार हो रही तेज वर्षा के कारण नदियों तालाबों बावड़ियों कुंडों और झरनों में जल स्तर बढ़ रहा है साथ ही आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है ऐसे में निचले इलाकों और जलभराव संभावित क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक विशेष सतर्कता करते तथा खतरा महसूस होने पर सुरक्षित स्थानों पर आश्रय ले साथ ही दिए गए सम्पर्क सुत्र पर सम्पर्क करें शासन प्रशासन आपके साथ हर संभव मदद करने के लिए खड़ा हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ प्रशिक्षण का लिया जायजा

**पन्ना,देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त तीन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस क्रम में आज जिला मुख्यालय स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एवं छत्रसाल शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर बीएलओ के प्रशिक्षण कार्य का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर दायित्वों के निर्वहन के लिए कहा।

# सांसद के पत्र पर डेढ़ साल के बाद भी अमल नहीं

**उमरिया, देशबन्धु।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने उमरिया जिले के पाली विकास खंड की ग्राम वासियों की बुनियादी मांगो की पूर्ति के लिए उमरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी को अपने लेटर हैड में पत्र क्र 937/2024 दिनांक 17-1-24 के माध्यम से मनरेगा मद से पांच कार्यो को कराने के निर्देश जारी किया गया था, लेकिन उनमें से एक भी कार्य को जिला पंचायत के व्दारा अपने कार्य योजना में शामिल नहीं किया गया।

सांसद हिमाद्री सिंह जुझते नजर आ रहें हैं। बताया जाता है कि जनपद पंचायत पाली के मुदरिया ग्राम पंचायत के तीन कार्य और सुन्दर दादर ग्राम पंचायत के दो कार्य शामिल थे, जिनमें से एक काम का न होना जहाँ एक तरफ लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।

वहीं पर दुसरी ओर शहडोल संसदीय क्षेत्र के पत्र पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी कितना महत्व देते हैं इसकी असलियत भी खुलकर सामने आ गयी है। कहाँ जाता है कि जिला पंचायत में जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा का पहला मौका नहीं है, जिला पंचायत के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसा व्यवहार के आदी ही है, वह जिला पंचायत में अपने मनमर्जी का राज कायम कर रखे है और सांसद- विधायकों के पत्र आते रहते हैं उन पर अमल करना वह कदापि उचित नहीं समझते, यह पत्र तो एक मिशाल हैं।

विदित होवे की ग्राम पंचायत मुदरिया के बरम टोला में कमराई नदी में टोग्हा घाट में पुल निर्माण का कार्य कराये जाने हेतु सांसद हिमाद्री सिंह के व्दारा पत्र लिखने के बाद भी काम नहीं कराये जाने से गांव के लोगों का आवागमन बरसात में बाधित हो जाता है। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। वर्तमान में लोग अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं।



### टोग्हा घाट में बाढ़ के बाद खुली पोल

खेद जनक कहा जाये की सांसद हिमाद्री सिंह भी एक बार पत्र लिखकर अपने कर्तव्यों से मुक्त हो गयी , अगर लिखे गए पत्रो की समयानुसार समीक्षा की जाती तो प्रशासनिक अधिकारियों की मजाल क्या की उनके पत्रो को रद्दी की टोकरी में डालकर चैन की नींद सो जाते। क्षेत्रीय नागरिकों ने अपेक्षा की है की प्रशासनिक सामंजस्य बनाकर अपने पत्र पर अमल कराने की आवश्यक पहल करेंगी ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सकें।